तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 30.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

11 कांग्रेस में गुटबाजी तभी दूर होगी जब सब के ...



12 परिवहन मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनकर ...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल आज पानीपत में

पानीपत। भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को प्रात नौ बजे समालखा पहुंचेंगे, इसके बाद वे सिवाह और 10 बजे टोल टैक्स पर पहुंचेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने दी। दूसरी ओर, मनोहर लाल के स्वागत के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है।

### स्नेचिंग के दो आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत**। सीआईए वन पुलिस टीम ने पुराना औद्योगिक क्षेत्र में पैदल जा रहे युवक धर्मबीर से मोबाइल फोन छीनने वाले दो आरोपियों मुकेश पुत्र राजेश निवासी गंगाराम कालोनी व हर्षित पुत्र विजय निवासी शक्ति नगर को हरिनगर कच्ची फाटक के पास से गिरफ्तार किया।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर**। बिलासपुर थाना क्षेत्र से एक युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। बिलासपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून की रात को वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गई थी। सुबह जब वह जागे तो उन्हें अपनी लड़की घर से गायब मिली। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को चौराही ईंट भट्ठे पर काम करने वाला युवक रिंकल शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### कुवि का स्विमिंग पूल 18 से खुलेगा

कुरुक्षेत्र। कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुमति से छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए 18 जून से स्विमिंग पूल खोलने की अधिसूचना निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेल द्वारा जारी की गई है। इससे तैराकी का अभ्यास करने वाले तैराकों को स्विमिंग पूल की सुविधा का लाभ मिलेगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने उक्त जानकारी दी।

# अंबाला में 630 ग्राम चरस सहित दो आरोपी दबोचे गए

## काले रंग की कार में पंजाब से हो रही थी सप्लाई, पुलिस ने लिया रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए टू ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। इस सिलसिले में दो युवकों को काबू किया गया है। उनके कब्जे से पुलिस ने एक कार भी जब्त की है। अब आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि नशे की एक खेप अंबाला शहर में पहुंच रही है। इसी आधार पर सीआईए टू ने थाना बलदेव नगर क्षेत्र के गांव सद्दोपुर बैरियर पर नाकाबंदी कर कार सवार आरोपी हितेश व मंडौर में किराये पर रहने वाले आरोपी विनय कुमार को काबू किया। पुलिस ने तलाशी लेने के बाद आरोपियों के कब्जे से 630 ग्राम चरस व एक काले रंग की कार भी जब्त की। अब पुलिस ने आरोपी हितेश को दो दिन के रिमांड पर लिया है।

- आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया



अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी। फोटो : हरिभूमि

सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी नशा तस्करी क कारोबार करते हैं। वे लालडू पंजाब से मादक पदार्थ ले कर अंबाला की तरफ आएंगे। इसी पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरापियों को काबू कर लिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### प्रतिबंधित दवा ट्रामाडॉल के 600 कैप्सूल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर**। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम ने पांसरा रोड शमशान घाट के पास से एक ऑटो चालक व उसके साथी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडॉल के 600 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अंबाला जगबीर सिंह व यूनिट अंबाला प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि यूनिट की एक टीम पांसरा रोड स्थित शमशान घाट के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नानक नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। वह इस समय अवैध नशीले कैप्सूल लेकर खजूरी मोड़ नहर पुल कि तरफ से अपने ऑटो पर जाएगा। सूचना मिलते ही टीम ने शमशान घाट के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मौके पर तहसीलदार छछरौली सुदेश मेहरा को बुलाया। उनके सामने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडॉल के 600 कैप्सूल बरामद हुए। इस दौरान पुलिस टीम ने नानक के सहयोगी साथी बैंक कॉलोनी निवासी सुखविंद्र उर्फ पिंका को भी गिरफ्तार किया है।



# डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर गांव मुकारमपुर बस अड्डा के पास डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

जानकारी के अनुसार गांव छौली निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 55 वर्षीय विजय कुमार हलवाई का कार्य करता था। वह सुबह लगभग आठ बजे बाइक पर छछरौली किसी काम से जा रहा था। जब वह मुकारमपुर बस अड्डा के पास पहुंचा तभी लापरवाही से चलाते हुए डंपर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसका भाई बाइक सहित डंपर के पहिए में फंस गया। डंपर चालक उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। जब राहगीरों ने शोर मचाया तो चालक ने डंपर रोका। हादसे में विजय कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी। उसके नाक, कान व मुंह से खून बहने लगा। जब आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने घायल विजय कुमार को अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

जानकारी के अनुसार गांधीधाम कॉलोनी जगाधरी निवासी बेबी ने बताया कि गांव महमदूपुर अड्डे के पास गत छह अप्रैल को सड़क दुर्घटना में उसका पति राजपाल घायल हो गया था। उनका काफी दिन तक इलाज चला। अब उसके पति घर पर थे और उनकी दवाई चल रही थी लेकिन कोई आराम नहीं मिल रहा था। बीती रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# आर्य कॉलेज में एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी होंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार की तरफ से पूरे हरियाणा में 976 नर्सरी खोलने की घोषणा की गई है जिसमें पानीपत जिले में 29 नर्सरी खोली जाएंगी। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने खेलों को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश में 976 खेल नर्सरी शुरू करने जा रही है। जिसमें आर्य कॉलेज, पानीपत के खेल मैदान पर एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी तैयार करने की अहम जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा हम इस जिम्मेदारी को पूरी लगन के साथ निभाएगें। उन्होंने यह भी बताया कि आर्य कॉलेज खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स और बेसबॉल के लिए कोच प्रदीप मलिक व सचिन कुमार खिलाडियों को तराशने का काम करेंगे। आर्य कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश टूर्ण ने बताया कि एथलेटिक्स के लिए 25 लडकियों व बेसबॉल के लिए 25 लडकों का चयन शुक्रवार 14 जून को आर्य कॉलेज के खेल मैदान पर सुबह 9 बजे किया जाएगा। डॉ. टूर्ण ने यह भी बताया 8 से 19 वर्ष तक के खिलाडी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फेमिली आई डी, बैंक पासबुक व दो पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य ले कर आएं।



आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता।

- पानीपत जिले में 29 नर्सरी खोली जाएंगी

# ग्रामीणों की चेतावनी के बाद हरकत में आई सरकार

## सिंचाई राज्य मंत्री ने मारकंडा नदी की स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

हेमामाजरा गांव में ग्रामीणों द्वारा की जा रही शिकायतों व सीएम हरियाणा द्वारा बाढ़ प्रबंधन के इंतजामों को लेकर दिए निर्देशों पर सिंचाई राज्य मंत्री डा.अभय यादव ने हेमामाजरा गांव में बाढ़ प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रबंधों का जायजा लिया। साथ में पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, सलाहकार भारत भूषण भारती, इंजीनियर चीफ राजेश चौहान, सिंचाई चीफ नितेश जैन, एसई सिंचाई विभाग एके रघुवंशी मौजूद रहे। सिंचाई मंत्री डा.अभय यादव मौके पर मारकंडा नदी तक गए और जायजा लिया। बता दें कि विभाग द्वारा बुधवार से ही हेमामाजरा गांव में फिलहाल अस्थाई बांध बनाने का कार्य शुरु किया गया है। सिंचाई विभाग द्वारा पोकलेन मशीन नदी में उतार राहत कार्य शुरू कराया गया। ताकि मारकंडा नदी का पानी बरसात के मौसम में गांव की ओर मार न करें। मंत्री अभय यादव को ग्रामीणों ने मारकंडा नदी में बाढ़ के बाद बने टापू जैसे हिस्से को भी दिखाया और उसके समाधान की बात की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए की टापू जैसे हिस्से को हटाया जाए ताकि मारकंडा नदी के पानी को आगे जाने के लिए ज्यादा रास्ता मिल सके। बता दें कि हेमामाजरा गांव में मुलाना मारकंडा नदी के पुल से लेकर हेमामाजरा तक करीब 930 मीटर एरिया में बांध नहीं है। इसी एरिया से 2023 में मारकंडा नदी के पानी ने कई गांवों की हजारों एकड़ फसलों को बर्बाद किया था। जिसके बाद से ही गांव के किसान उक्त जगह पर पक्का बांध बनाने को लेकर प्रयासरत है। अब बरसात के मौसम में कम समय रहने पर विभाग द्वारा मिट्टी डालकर अस्थाई बांध बनाया जा रहा है। ताकि बरसात के मौसम में मारकंडा नदी का पानी गांव की ओर न जाए।

- अस्थायी बांध बनाए जाने का कार्य हुआ शुरू



मारकंडा नदी में स्थित का जायजा लेते सिचाई मंत्री डा.अभय यादव। फोटो : हरिभूमि

# वैज्ञानिकों ने अमृत सरोवरों के पानी के सैंपल लिए

**पानीपत**। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने वीरवार को चुलकाना व महराणा में निर्मित किये जा रहे अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष वर्मा ने कहा कि जिन तालाबों पर कार्य किया जा रहा है उन पर ध्यान देकर और गति देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर के बनने के बाद उन पर बहुत ही शानदार सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने निरीक्षण के बाद पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ आये वैज्ञानिक अविनाश शारदा ने चुलकाना के तालाबों की सैपलिंग ली। इस मौके पर उनके साथ एसडीओ सर्वजीत, एसडीओ धर्मेन्द्र बराड़, कार्यकारी अभियंता राजेश कौशिक, कार्यकारी अभियंता ललित आदि मौजूद रहे।

- हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने चुलकाना व महराणा के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया



हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# इंडस्ट्री मार्का का प्रयोग कर मशीनों के डिजाइन और ड्राइंग अन्य व्यक्ति को बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु अमर इंडस्ट्री मार्का का प्रयोग कर मशीनों के डिजाइन व ड्राइंग अन्य व्यक्ति को बेचने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप श्री बालाजी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर जयप्रकाश, संतोष व बबलू पर लगा है। तीनों आरोपी पहले गुरु अमर इंडस्ट्री में नौकरी करते थे। जब यह डिजाइन बेचते पकड़े गए तो इन्होंने काम छोड़ दिया और अपनी फर्म शुरू कर दी। जिसके तहत वह गुरु अमर इंडस्ट्री मार्का का प्रयोग कर लोगों को प्रोडक्ट बेच रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र स्थित गुरु अमर इंडस्ट्री के निदेशक गगनदीप सिंह ने बताया कि वह प्लाईवुड उद्योग में उपयोग की जाने वाली मशीनों का निर्माण करते हैं। वर्ष 1990 से उनकी फर्म औद्योगिक क्षेत्र के प्लाट नंबर 30-31 में पीलिंग मशीन का भी निर्माण कर रही है। इन मशीनों के निर्माण के संबंध में उनका टस्कर के नाम से ट्रेडमार्क है। उनकी कंपनी ने हेवी ड्यूटी वुड पीलिंग मशीनों के लाग राउंडिंग मीन व स्पिंडल लेस लाग पीलिंग मशीन के दो माडल पंजीकृत करवाएं हुए हैं।

### तीनों आरोपी पहले गुरु अमर इंडस्ट्री में नौकरी करते थे

उनके पास जयप्रकाश, संतोष व बबलू फैक्ट्री में कार्य करते थे। जिसके चलते उन्हें सभी डिजाइन व ट्रेडमार्क के बारे में जानकारी थी। आरोपियों ने 1992 से 2015 तक उनकी फैक्ट्री में काम किया। इस दौरान आरोपियों ने उनके डिजाइन व ड्राइंग अन्य फर्मों को बेचने शुरू कर दिए। जब इस बारे में पता लगा तो उन्होंने आरोपियों से बात की। लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और कंपनी में आना बंद कर दिया। बाद में आरोपियों ने ममीदी स्थित श्री बालाजी इंटरप्राइजेज के नाम से अपनी फैक्ट्री शुरू कर ली। इसमें प्रोपराइटर जयप्रकाश, संतोष व बबलू हैं। आरोप है कि अब आरोपी उनकी फर्म के मार्का का प्रयोग कर लोगों को प्रोडक्ट बेच रहे हैं। इसके अलावा आरोपी उनकी मशीनों के डिजाइन व ड्राइंग बेच रहे है। ऐसा कर आरोपियों ने उनकी फर्म को लगभग 25 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। जब उन्हें इसका पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

पानीपत। पानीपत में ट्रेन की चपेट में आने से सूरज निवासी तिलक कालोनी की मौत हो गई। सूरज, कृष्णपुरा में हार्डवेयर की दुकान पर कार्य करता था। वहीं सूरज कान से घर लौट रहा था। रास्ते में जब वह रेलवे लाइन को क्रॉस करने लगा, तो अचानक शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की शिकायत पायलट ने कंट्रोल रूम नंबर पर दी। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। मौके से सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया। जीआरपी ने परिजनों के बयानों के आधार पर सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई करते हुए पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## निर्जला एकादशी के दिन पानी का दान करना बहुत ही शुभ

# निर्जला एकादशी पर बन रहे तीन शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू धर्म में प्रत्येक माह दो एकादशी तिथि पड़ती हैं और इस तरह साल में कुल 24 एकादशी व्रत आते हैं। प्रत्येक एकादशी व्रत का अपना एक खास महत्व होता है और यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ.रामराज कौशिक ने बताया कि ज्येष्ठ माह यानि जेठ के महीने में आने वाली एकादशी का निर्जला एकादशी कहते हैं और इस दिन निर्जला व्रत रखने का विधान है। निर्जला एकादशी के दिन पानी का दान करना बहुत ही शुभ व फलदायी माना गया है, क्योंकि यह व्रत भीषण गर्मी में पड़ता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल निर्जला एकादशी पर काफी शुभ योग बन रहे हैं। शिव योग दिनभर रहकर रात 9 बजकर 39 मिनट तक रहेगा। इसके बाद सिद्ध योग लग जाएगा। इसके साथ ही दोपहर में 3 बजकर 56 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 5 बजकर 24 मिनट तक त्रिपुष्कर योग है।



डॉ.रामराज कौशिक।

- शिव योग दिनभर रहकर रात 9 बजकर 39 मिनट तक रहेगा

### निर्जला एकादशी व्रत तिथि

रामराज कौशिक ने बताया की वैदिक पंचांग के अनुसार 17 जून 2024 को सुबह 4 बजकर 45 मिनट पर ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी और इसका समापन 18 जून को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर इसका समापन होगा। उदयातिथि के अनुसार इस साल निर्जला एकादशी का व्रत 18 जून को रखा जाएगा।

### महत्व

हिंदू धर्म में वैसे तो सभी एकादशी तिथियां बहुत खास होती हैं और एकादशी तिथि को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है. इस दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। कहते हैं कि एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति के सभी पाप मिट जाते हैं और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति एकादशी व्रत रखता है उसे बैकुंठ में स्थान मिलता है। ज्येष्ठ माह में आने वाली निर्जला एकादशी का महत्व सबसे अधिक माना गया है क्योंकि यह व्रत भीषण गर्मी में पड़ता है और ऐसे में यदि पानी का दान किया जाए तो सबसे बड़ा पुण्य होता है। इस दिन व्रत रखने वाला जातक स्वंय पानी नहीं पीता लेकिन राहगीरों को पानी अवश्य पिलाता है। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का इंतजाम करना पुण्य होता है।

### करें पानी के घड़े का दान और लगाएं पौधे

कहा जाता है कि इस दिन साधक निर्जला व्रत रखकर किसी को पानी पीने का घड़ा दान करता है, तो शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस दिन पौधे लगाना शुभ माना जाता है। इसलिए इस दिन पीपल, बरगद, नीम आदि के पेड़ अवश्य लगाएं।

# हीटवेव का सब्जियों और फलों पर कहर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस बार गर्मी रिकार्ड तोड़ रही है तथा बार बार हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार हीटवेव से आमजन का हाल बेहाल है तो सब्जियों तथा फलों की फसलों को भी नुकसान हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार लगातार गर्मी का सीधा असर फलों तथा सब्जियों की फसलों पर देखा गया है। उनके अनुसार हीट वेव के कारण बागवानी करने वाले किसानों को सब्जियों व फलों की खेती में काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके संपर्क में आए किसानों ने कहा है कि हीटवेव के कारण मिर्च और टमाटर के पौधों के फूल काफी मात्रा में झड़ चुके हैं तो ऐसे में इन पौधों से फल की उम्मीद कैसे की जा सकती है। डा. सिंह के अनुसार मिर्च, टमाटर और बेल वाली सब्जियों के पौधे को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस बार जामुन तथा अमरूद की फसल भी कम हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जामुन और अमरूद के पौधे को भी नुकसान हुआ है। डा. सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण पौधे न्यूट्रेट लेना कर बंद देते हैं। गर्मी के कारण पौधों के पत्ते झड़ जाते हैं।

- जामुन और अमरूद के पौधे को भी नुकसान हुआ



सब्जी उत्पादक किसान खेत में सब्जियां देखते हुए।

### गर्मी के कारण सब्जियों के रेट में उछाल

लगातार गर्मी के चलते सब्जियों के रेट में उछाल देखने को मिल रहा है। आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। सब्जी दुकानदारों राजू टुटेजा व बिशंबर के अनुसार गर्मी के चलते सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। इन्हीं के कारण सब्जियों के रेट में वृद्धि हुई है। उनके अनुसार प्याज, आलू, घीया, धनिया, गोभी, तोरी, खीरा, भिंडी आदि जैसी सब्जियों के दाम बढ़े हैं। इस से सब्जी की दुकानदारी भी काफी प्रभावित हुई है।

## खबर संक्षेप

### नई गवर्निंग बॉडी ने संभाली बागडोर

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया रोटर एसोसिएशन ने नई गवर्निंग बॉडी के सदस्यों ने नेतृत्व की बागडोर संभाल ली है। सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया। नई बाडी में संरक्षक प्रीतम सिंह,सिया राम गुप्ता, धनराज बंसल व घनश्याम गोयल को बनाया गयाप है। जबकि अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदीप कक्कड़ उपाध्यक्ष,मुकेश बंसल सचिव, गौरव बठला संयुक्त सचिव, अशोक गोयल कोषाध्यक्ष, राजीव गुप्ता कार्यकारी सलाहकार, क्षेत्रीय प्रमुख विक्की गुप्ता, राकेश बंसल, मनप्रीत सिंह, अंकुर बंसल, विनोद मित्तल, कृष्ण, रमेश गुप्ता, राजीव जैन, मनीष जैन, दिनेश जैन, पवन अग्रवाल, मुकेश गोयल, महिंदर मुंजाल, साहिल गोयल को चुना गया है।

### धोखाधडी कर 74 हजार रुपये निकाले

**पानीपत।** पानीपत शहर के मॉडल टाउन स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ पर जगदीश निवासी अर्जुन नगर, काबडी रोड के साथ धोखाधड़ी हो गई। यहां मदद के बहाने दो युवकों ने उसका डेबिट कार्ड बदल लिया। इसके बाद उसके खाते से 19 हजार रुपए निकाल लिए। किसी दूसरी जगह से भी 55 हजार रुपए मंगवा कर उसके खाते से निकाले गए है। व्यक्ति घर का राशन लाने के लिए बूथ से रुपए निकलवाने गया था। जगदीश की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दो अज्ञात युवकों पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### योग करने से शरीर होता है निरोग

**पानीपत।** महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरे प्रदेश में जोरों पर है। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लॉक में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयुष नोडल अधिकारी की देखरेख में शुरू हुआ।

### पौधों की देखभाल कर रहे शिक्षक

पानीपत। पानीपत के गांव बिंझौल में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शहीद मेजर आशीष वाटिका, पर्यावरण को बढावा देने के लिए स्थापित की गई थी। वहीं भीषण गर्मी का दौर जारी है और स्कूलों में अवकाश चल रहे है। अवकाश व गर्मी के बावजूद भी अध्यापकगण व विद्यार्थी वाटिका में उगे पौधों की देखभाल कर रहे है।

## शिविर में 103 नागरिकों ने पहुंचकर रखी अपनी समस्याएं

# तत्परता से किया जा रहा है लोगों की समस्याओं का समाधान: कैप्टन

### जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा सरकार के निर्देशों पर जिला सचिवालय में वीरवार को तीसरे दिन भी समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने की। शिविर में 103 नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला में रोजाना सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी व सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में तत्परता से समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित शिविर में वीरवार को करीब 103 शिकायतें परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं आई। जिनका मौके पर समाधान किया गया।

### प्राथमिकता के आधार पर करें समस्याओं का निवारण

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार बार नहीं आना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर गंभीरता के साथ जनता की समस्याओं को सुनें व उनका हर संभव समाधान करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का मौके पर संबंधित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुष सिन्हा ने नागरिक लवल कुमार, भानू लूथरा, हर्ष राणा, सोमनाथ, श्रवण कुमार के परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को मौके पर ठीक करवाया। वहीं, रघुबीर सिंह, जगबीर की बुढ़ापा पैंशन व मामचंद की विकलांग पैंशन मौके पर बनवाई। इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नीलम मेहरा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल व डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सैनी 15 को यमुनानगर में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे : सपरा

- तीसरी बार सरकार बनने पर दी जाएगी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुना कमल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनानगर के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी 15 जून को दोपहर बाद जिला यमुनानगर में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी पहले भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचेंगे व वहां पर मंत्री, विधायक व भाजपा जिला पदाधिकारीगण के साथ बैठक करेंगे। वीरवार को यमुना कमल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपरा ने बताया कि शाम को चार बजे कर्ण रिजॉर्ट यमुनानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि कर्ण रिजार्ट में होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा जिला यमुनानगर से संबंधित राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र पालक, बूथ प्रमुख, भाजपा के विभिन्न मोचार्े व प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष व जिला प्रमुख, हरियाणा सरकार में चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन आदि भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। सपरा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा के प्रत्येक जिले में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी कड़ी के अंतर्गत यह कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

### स्वागत की तैयारी

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हमारे लिए बड़े गौरव व सम्मान की बात है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी हमारे जिला यमुनानगर में आ रहे हैं। उनके स्वागत सम्मान में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उनके यहां आने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। मौके पर यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी में चोरों ने रात को घर में घुसकर 35 हजार रुपये की नकदी व सोने के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी जसबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को वह खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ कमरे में सो गया था। सुबह पांच बजे जब वह जागे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर अलमारी में रखे 35 हजार रुपये, सोने की अंगूठी व मंगलसूत्र गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गेट फांदकर घर से दो मोबाइल चोरी

श्याम सुंदरपुरी कॉलोनी जगाधरी निवासी गुलशन कुमार ने बताया कि वह रात को घर सोया हुआ था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने घर का गेट फांदकर कमरे में रखे दो मोबाइल चोरी कर लिए। सुबह जब वह उठा तो उसे मोबाइल नहीं मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सीएम को सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

- मुख्यमंत्री से की ई टेंडरिंग प्रणाली समाप्त किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




यमुनानगर। रादौर ब्लॉक की सरपंच एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांग पत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

रादौर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर अपनी मांगो से संबंधित मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उनकी मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने सरपंच एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों को जल्द पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान पम्मी खेड़की के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास स्थान पर पहुंचा। एसोसिएशन के प्रधान पम्मी खेड़की ने बताया कि खर्च राशि की सीमा बढ़ाने से गांव के विकास कार्य तेज गति से होंगे। मौके पर सतीश धौलरा, मोहित राणा. अग्नि विजय सिंह,नर सिंह, बशेसर, दीपचंद, सतीश, राजेश, विक्रम, रविंद्र, राजेश, बलराम व प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# निगम ने शुरू कराया नालों की सफाई का कार्य

- नालों की सफाई का 15 दिन में पूरा होगा पहला राउंड
- ट्विनसिटी में है 84 किलोमीटर लंबाई के हैं 32 नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। शहर के नाले की सफाई करते निगम के सफाई कर्मचारी।

नगर निगम ने ट्विनसिटी के नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। नालों की सफाई का पहला राउंड 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। टेंडर वर्क ऑर्डर होने के बाद एजेंसी द्वारा नालों की सफाई की जा रही है। शहर में लगभग 84 किलोमीटर नालों की सफाई की जानी है। इसके अलावा मानसून के दौरान निचले इलाकों में जमा होने वाले पानी को निकालने के लिए पंप लगाए जाएंगे। निगमायुक्त आयुष सिंहा ने बताया कि नालों की सफाई के लिए चुनाव आचार संहिता के दौरान ही विशेष मंजूरी लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई, ताकि बारिश के सीजन में शहरवासियों को परेशानी न झेलनी पड़े। शहर में लगभग 84 किलोमीटर माध्यम व बड़े नाले हैं। नालों की सफाई के लिए निगम द्वारा लगभग 64.53 लाख रुपये का टेंडर अलॉट किया गया। वर्क ऑर्डर होने के बाद नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया गया है। पूरे नगर निगम एरिया को दो जोन में बांटकर नालों की सफाई करवाई जा रही है। एक नंबर जोन में वार्ड एक से सात हैं जबकि दो नंबर जोन में आठ से 22 वार्ड हैं।

### ट्विनसिटी में है छोटे-बड़े 32 नाले

यमुनानगर व जगाधरी शहर में नगर निगम के छोटे-बड़े 32 नाले हैं। जिनकी लंबाई लगभग 84 किलोमीटर है। मुख्य नाला जगाधरी से निकलकर सेक्टर 17 से होते हुए प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर समेत दर्जनभर कालोनियों से होता हुआ पश्चिमी यमुना नहर के किनारे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में गिर रहा है। इसके अलावा आजाद नगर, दशमेश कॉलोनी, बाड़ी माजरा रोड, औद्योगिक क्षेत्र व जगाधरी में गौरी शंकर मंदिर कॉलोनी, देवी भवन बाजार, श्मशान घाट रोड, सिविल लाइन, गांधीधाम, मटका चौक से बर्तन बाजार क्षेत्र में कई नाले है। जिनकी सफाई की जा रही है।

# बैंक निदेशक मंडल की बैठक में 21 प्रस्ताव किए पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन बंचल।

दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बैंक कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने की। मौके पर बैंक के जीएम सुभाष बिश्नोई भी मौजूद रहे। बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि बैठक में 24 प्रस्ताव पेश किए गए। जिनमें से 21 प्रस्ताव पास किए गए। उन्होंने बताया कि बैठक में मुनीष कुमार को जुनियर अकाउंटेंट से सीनियर अकाउंटेंट बनाया गया। कोऑपरेटिव बैंको के लिए नए लोकर खरीदने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में निदेशकों ने अपने अपने विचार रखे। जिनके बारे में विस्तार से चर्चा की गई। मौक पर निदेशक मंदीप कंडेला, विनोद गुप्ता, राजपाल भटेहडी, सुखदेव सिंह, कुसुम राणा, मनमोहन सिंह, अर्जुन सिंह, डीआर सतीश रोहिला, अशोक वर्मा जीएम हरको बैंक चंडीगढ़ आदि मौजूद रहे।

# छात्रा श्रेया को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- राज्य स्तरीय इंगलिश राइटिंग प्रतियोगिता में छात्रा श्रेया ने हासिल किया प्रथम स्थान
- पंचकूला में आयोजित हुआ राज्यस्तरीय पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेया पुरस्कार प्राप्त कर अपने स्कूल की प्रिंसीपल के साथ खुशी जताते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की छात्रा श्रेया को पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। श्रेया ने गत दिसंबर में बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव के दौरान इंगलिश राइटिंग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। स्कूल की प्राचार्या समेत स्टॉफ सदस्यों ने श्रेया की इस उपलब्धि पर पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल की प्रिंसीपल डॉ.बिंदु शर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में पंचकूला में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा श्रेया ने गत 13 दिसंबर को बाल महोत्सव के दौरान रिवाड़ी में आयोजित इंगलिश राइटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें श्रेया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### दत्तात्रेय ने सभी मेधावी बच्चों को दी बधाई

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सभी मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यदि हमें किसी भी लक्ष्य को हासिल करना है तो उसके लिए निरंतर प्रयासरत रहना जरूरी है। यही कारण है कि आज इस पुरस्कार वितरण समारोह में अलग अलग जिलों के बच्चों ने पहुंचकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने छात्रा श्रेया की इस उपलब्धि के लिए उसके माता पिता व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। जिनके प्रयासों से बच्ची ने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि जब भी बच्चों को कोई मौका मिलता है तो उन्हें प्रतियोगिताओं में हिस्सा अवश्य लेना चाहिए।

# सड़क पर महिला के कपड़े फाड़े और की मारपीट

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की जोगिंद्र नगर कॉलोनी में चौक पर सड़क के बीच में महिला के कपड़े फाड़कर उसके साथ मारपीट की गई। आरोप सीमा, वीरू, आशिक व विजय पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर्रार्रवाई शुरू कर दी। जोगिंद्र नगर कॉलोनी निवासी रूबी रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जून को अपनी ननद शीना व जेठ बिला के घर के पास खड़ी थी। तभी डायल 112 की गाड़ी वहां आकर रूकी। गाड़ी में बैठे पुलिस कर्मियों ने उन्हें चौक पर आने के लिए कहा। जब वह चौक पर गई तो वहां पर पहले से ही सीमा, वीरू, आशिक व विजय मौजूद थे। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सड़क के बीच में उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे पंच मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## आयोजन

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**योग से शरीर स्वस्थ रहता है और नशा आदि बुराइयों से दूर रहने की मिलती है प्रेरणा**

# प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने सीखा योग

- आयुष विभाग, आयुर्वेदिक विभाग व पतंजलि योग समिति द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव नगावां जागीर में आयोजित प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम में यौगिक क्रियाएं करते हुए मुस्लिम समुदाय के युवक। *फोटो: हरिभूमि*

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में वीरवार को गांव नगावां जागीर स्थित योगशाला में योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर में बुड़िया मदरसे के मुस्लिम युवाओं ने भाग लेकर यौगिक क्रियाएं सीखी। आयुष योग सहायक मोहन कांबोज ने बताया कि पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष जय कुमार योगी के सहयोग से प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। इस अभ्यास में बुड़िया स्थित इस्लामियां कुरानियाँ फैजूल उलूम खनका मदरसा के मुस्लिम युवाओं ने योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियाएं की। मदरसे के हजरत अल्हज पीरजी हाफिज हुसैन ने आयुष विभाग के द्वारा करवाए गए अभ्यास की प्रशंसा करते हुए कहा की विभाग बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। योग से युवा नशे से दूर रहते हैं तथा स्वस्थ रहते हैं। भविष्य मे भी ऐसे प्रोग्राम मे हम हमेशा होते रहने चाहिएं। मौके पर पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष जयकुमार योगी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के युवाओं की अपने स्वास्थ्य के प्रति एवं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति रुचि को देखकर बहुत अच्छा एहसास हुआ है। उन्होंने कहा कि योग से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं, नशा आदि बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। योग करने से आत्मिक सुख की अनुभूति होती है और मानसिक विकास होता है। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर आयुष योग सहायक पुष्कर पंत, योगा इंस्ट्रक्टर प्रीति कांबोज, अब्दुल रहमान, मौलाना हारुन, मौलाना अख्तर व नसीर आदि मौजूद रहे।

# पीर बाबा की मजार पर चढ़ाए चादरें

- मजार पर आयोजित भंडारे में शामिल हुआ हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



रादौर। पीर की मजार पर आयोजित भंडारे में प्रशाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

रादौर के बापौली रोड पर स्थित जांडी वाले पीर बाबा की मजार पर वीरवार को विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्रहण किया। इससे पहले श्रद्धालुओं ने पीर बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर व प्रशाद बांटकर सभी के लिए लिए मंगल कामना की। भगत मंगतराम ने बताया कि पीर बाबा की मजार पर ज्येष्ठ के चांदन के पहले वीरवार को भंडारे का आयोजन करवाया जाता है। पीर बाबा को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। मौके पर मंगतराम, जोगी, देशराज, संजू, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, कर्ण, विजय, सचिन, अमित, राजेंद्र, पालाराम आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### गांव बोधनी में चलाया डोर टू डोर अभियान

**पिहोवा।** प्रदेश में जल्द होने वाले विधानसभा चुनावों में पिहोवा हलके से कांग्रेस को एक लाख मतों के अंतर से जितवाने का लक्ष्य लेकर आपके बीच आया हूं। इस लक्ष्य को आपके सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। उक्त विचार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वामी संदीप ओंकार ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव बोधनी में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए व्यक्त किए। युवाओं से बात करते हुए संदीप ओंकार ने कहा कि देश व प्रदेश का भविष्य आज के युवाओं पर निर्भर करता है। युवा शक्ति एक सुदृड और आधुनिक भारत का निर्माण चाहती है जिसे केवल कांग्रेस पार्टी ही पूरा कर सकती है।

### डॉ.विजय बने श्रीशिरडी साईं सेवा संघ के अध्यक्ष

**थानेसर।** श्रीशिरडी साईं सेवा संघ(रजि.)की बैठक साईं मंदिर में आयोजित की गई,जिसमें डॉ.विजय शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जानकारी देते हुए प्रवक्ता अरुण गौड़ ने बताया कि डॉ.विजय शर्मा द्वारा अपने पिछले वर्षों के कार्यकाल में करवाए गए सेवा कार्यों एवं मंदिर के प्रति निष्ठा को देखते हुए सर्वसम्मति से लगातार छठी बार श्री शिरडी साईं सेवा संघ(रजि.) का अध्यक्ष चुना गया।

### ऑनलाइन आधार अपडेशन का आज अंतिम अवसर

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के दिशा निदेर्शों के अनुसार निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की अंतिम तिथि 14 जून 2024 है। जिला के सभी लोग 8 से 10 साल पहले बने अपने आधार कार्ड को निर्धारित दिन तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

### भाजपा बुद्धिजीवी ने सेक्टर वासियों को करवाया योग

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि प्रकोष्ठ ने विभिन्न स्थानों पर योग कक्षा लगा कर जनता को 21 जून को योग दिवस मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने आज सेक्टर-8 में केशव मार्ग पर अंत्योदय स्थली पर सेक्टर वासियों को योग करवाया और उन्हें योग का महत्व भी बताया। इस दौरान आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, भारतीय योग संस्थान कुरुक्षेत्र एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर चांद दत्ता, जिला सह संयोजक बीएल अरोड़ा, डॉ योगेंद्र, डॉ पारीक, लाजपत गोयल, शिवकुमार, रामस्नेही, प्रेमचंद महला, विवेक शर्मा, रुचि गर्ग, डॉ रुक्मेश चौहान, डॉ प्रधुम्मन सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पुलिस व आरटीए विभाग ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के किए चालान

- उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त डा. शांतुन शर्मा ने सडक सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वीरवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे तमाम बिंदूओ बारे जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्टद किया सडक सुरक्षा समिति के तहत जिन बिंदूओं पर आज चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए है, वे सभी कार्य आगामी बैठक से पहले होने सुनिश्चित होने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम नसीब कुमार, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम नरेंद्र मलिक, नगराधीश रमन गुप्ता, आरटीए सचिव राजीव प्रसाद मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शांतनु शर्मा ने एजेंडे के तहत आईआरएडी पोर्टल के तहत सडक दुर्घटनाओं को होने वाले हादसों बारे, मार्डन रोड बनाने, अवैध कटों को बंद करने बारे, सडकों को दुरुस्त करने, स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वाहनों की चैकिंग करने, पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना किए जाने पर चालानिंग के साथ-साथ अन्य बिंदूओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस विभाग को चलानिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ स्पेशल अभियान चलाते हुए यह भी निर्देश दिए कि रात के समय गाड़ियो के अंदर एलईडी लाईट लगी होती है, जिसके चलते उसकी लाईट सीधा आने वाले वाहनों पर पड़ती है और ऐसा होने से सडक दुर्घटना की आशंका रहती है, इसलिए पुलिस सुनिश्चत करें कि वे ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसते हुए उन पर नियमानुसार कार्रवाई करना अमल में लाए। किसी भी सूरत में नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जहां भी अवैध कट या ब्लैक स्पॉट है, उसकी जानकारी लेते हुए लोक निर्माण भवन एवं सडके विभाग तथा एनएचए के अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर इन अवैध कटों को तुरंत प्रभाव बंद करवाने बारे निर्देश दिए।

### अवैध कटों व ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करके तुरंत प्रभाव से करवाए बंद

उपायुक्त ने कहा कि जहां पर भी सडके टूटी हुई है या सडकों के बीच गड्ढे है, उन्हें भी दुरुस्त किया जाए ताकि सडक दुर्घटनाओं में होने वाले हादसों में कमी लाई जा सके। आमजन भी यातायात नियमों की पालना करें, पुलिस का मकसद चालान काटना नहीं है, अपितु यातायात नियमों की पालना करते हुए सडक दुर्घटनाओं को रोकना है। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी कहा कि यदि उनके संज्ञान में भी सडक सुरक्षा वाहन पॉलिसी के तहत कोई नया बिंदू एवं कार्य आता है, वे ऐसे एजेंडे को बैठक से पहले डलवाना सुनिश्चित करें ताकि उस पर चर्चा करते हुए इस बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सके। आज बैठक के दौरान जिन बिंदूओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए है, वे सभी कार्य आगामी बैठक से पहले होने सुनिश्चित होने चाहिए। बैठक के तहत एजेंडे में रखे जिन बिंदूओं पर कार्य किया गया है, उसकी भी समीक्षा की गई।

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित

# समिति में आई 15 शिकायतों में से 10 शिकायतों का किया निपटान

**पुलिस को अगले 15 दिन के अंदर यानी 1 जुलाई तक यह रिपोर्ट मंगवाना सुनिश्चित करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल की अध्यक्षता में वीरवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने एजेंडे में रखी 15 शिकायतों को सुनते हुए 10 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया और बाकी 5 शिकायतों का भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निपटान करने बारे निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभागार में पहुंचे अन्य शिकायतकताओं की भी शिकायतों को सुनते हुए, संबंधित विभाग को मार्क कर उनका निपटान करने बारे निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरियां, विधायक रामकरण, जिलाध्यक्ष रवि बतान, अनुसूचित घूमंतू जाति बोर्ड से जयसिंह पाल, भाजपा नेता रितेश गोयल मौजूद रहे।


**कुरुक्षेत्र।** समस्याओं का निवारण करते परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की चेयरमैनशिप में उनकी यह पहली बैठक है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के तहत उन्हें यह सेवा करने का मौका मिला है। बिना पक्षपात के न्याय करना हमारी जिम्मेवारी है। आज 15 शिकायते सुनी गई है, जिनमें से 10 का निपटान कर दिया गया है और बाकी 5 शिकायतों का भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निपटान करने बारे निर्देश दिए गए है। समाधान शिविर के तहत पूरे हरियाणा में कार्यदिवस पर उपायुक्त व अन्य संबंधित समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनका समाधान कर रहे है। बैठक के दौरान गांव सिरसमा निवासी किरण गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने एक्सिस बैंक पिपली से प्लाट खरीदने के लिए लोन लिया था, उसने आरोप लगाया कि एक्सिस बैंक के अधिकारियों द्वारा फर्जी साईन करते हुए इंश्योरेंस के नाम पर उसके नाम से लाखों रुपए की राशि निकाल ली, जब उसे इस बात का पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत की तो बैंक द्वारा कुछ राशि उसे वापिस कर दी गई और कुछ राशि रिजर्व बैंक के माध्यम से उसे मिल गई है। उसने कहा कि ब्याज से संबंधित राशि उसे नहीं मिल पाई है। इस मामले की जांच कर रहे डीएसपी ओमप्रकाश ने राज्यमंत्री को यह भी बताया कि इस संबध में फर्जी साईन से संबंधित जांच के लिए सीएफएसएल में केस भेजा हुआ है। राज्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिए कि अगले 15 दिन के अंदर यानि 1 जुलाई तक यह रिपोर्ट मंगवाना सुनिश्चित करें। इस मामले में एडीसी द्वारा जांच की जा रही है। इस मामले में एडीसी के आज अवकाश पर होने पर जांच रिर्पाट नहीं मिल सकी है। राज्य मंत्री ने कहा कि इस मामले में पहले की रिपोर्ट तथा एडीसी द्वारा जांच करके रिपोर्ट तैयार की गई है वे 1 जुलाई तक प्रस्तुत करें। प्रतापगढ़ के सरपंच द्वारा गांव प्रतापगढ़ एवं अमरगढ़ मझाड़ा के मध्य से गुजर रही सडक के उंचा उठाने की शिकायत के मामले में थानेसर एसडीएम व संबंधित कार्यकारी अभियंता ने राज्यमंत्री को अवगत करवाया कि मौका मुआयना किया गया है और इस सडक को उंचा उठाने व अन्य कार्य के लिए 2 करोड़ 60 लाख का अस्टीमेट तैयार कर लिया गया है, जैसे ही अप्रवूल आएगी कार्य कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता द्वारा इसी मामले में 50 फीट से संबंधित शिकायत रखी गई थी। राज्यमंत्री ने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि तकनीकी तरीके से इस कार्य को करें ताकि प्रार्थी की शिकायत का निवारण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रार्थी द्वारा पाईपलाइन से संबंधित जो शिकायत है, उसका भी 2 दिन के अंदर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि टेंडर लगाकर उसकी कॉपी उन्हें वाट्सअप ऐप पर भेजे और 1 जुलाई से इस पर काम करना सुनिश्चित करें। गांव रुडकी निवासी पुष्पेंद्र कौर द्वारा उसकी 3 महीने की पैंशन ना आने बारे शिकायत पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि विभागीय नियमों के तहत जो लाभार्थी है, यदि वे 3 महीने तक पैंशन विड्रा नहीं करता है, तो उसकी पैंशन रुक जाती है। इस मामले में नगर परिषद के ईओ ने बताया कि दोनों पक्षों से बात की गई है और उन्होंने एक सप्ताह का समय मांगा है, जो भी चबुतरे से संबंधित शिकायत है उसका समाधान कर दिया जाएगा। राज्यमंत्री ने इस मामले में गैर सरकारी सदस्य को नियुक्त करते हुए दोनों पक्षों के साथ इस समस्या का समाधान करने बारे कहा है। बैठक के मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम पिहोवा अमन कुमार, एसडीएम शाहबाद नरेंद्र मलिक, एसडीएम लाडवा नसीब कुमार, नगराधीश रमन गुप्ता के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# राजनीति में पंजाबी बिरादरी की हिस्सेदारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** सभा के हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष संत कुमार टूटेजा।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही राजनेताओं के साथ सामाजिक और सोशल संस्थाएं भी एक्टिव हो गई है। हर कोई राजनीतिक दलों से अपनी-अपनी हिस्सेदारी मांग रहा है। इसी कड़ी में हरियाणवी-पंजाब वेलफेयर सभा ने भी राजनीति में अपनी बिरादरी के लिए हिस्सेदारी की मांग की है। सभा के हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष संत कुमार टूटेजा ने बताया कि उनकी सभा शुरू से ही पंजाबियों की एकता के लिए मजबूती से कार्य कर रही है। एसी चौधरी सभा के अध्यक्ष है, लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते वह पिछले कुछ समय से सभा को ज्यादा समय नहीं दे पा रहे थे, जिस कारण उनकी नियुक्ति की गई है। फतेहाबाद से संबंधित टूटेजा संघर्षशील होने के साथ ही पूरी तरह से पंजाबी समुदाय के लिए खुद को समर्पित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से पंजाबी समुदाय को दो टिकट दी गई थी, जिसके वह उनका आभार व्यक्त करते है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो भी राजनीतिक दल पंजाबियों को मान-सम्मान के साथ अधिक टिकट देगा उनकी सभा उस दल को समर्थन देने पर विचार करेगी। इसके लिए सभा की ओर से एक 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। टूटेजा ने बताया कि बीते 3 दशक के दौरान आज तक केवल भजनलाल के समय में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा पंजाबियों को टिकट दी थी, जिसके चलते पंजाबी बिरादरी के 15 विधायक चुनकर विधानसभा में पहुंचे थे और भजनलाल के शासन में ही 1991 से 1996 के दौरान हरियाणा में सबसे अधिक मंत्री पंजाबी समुदाय के बने थे।

### अध्यापकों का वेतन निकलवाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** अंतरजिला ट्रांसफर से कुरुक्षेत्र में अन्य जिलों से आए प्राथमिक अध्यापकों का पिछले तीन माह से वेतन निकलवाने की मांग को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों ने हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा को लिखित में जल्द ही अध्यापकों का वेतन निकलवाने की मांग की। जानकारी देते हुए जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि हरियाणा सरकार की तबादला नीति के अनुसार 2000 बैच से 2017 तक के प्राथमिक अध्यापकों को स्थाई जिले दिए गए हैं। जिसके कारण कुरुक्षेत्र जिले में पदभार ग्रहण करने वाले सैकड़ो अध्यापकों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है,अध्यापक बार-बार शिक्षा विभाग के चक्कर काटने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वेतन न मिलने से अध्यापकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द ही अध्यापकों का वेतन जारी किया जाए। इस अवसर पर जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, महासचिव संदीप चौहान, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, लाडवा प्रधान अमन पाल, शाहबाद प्रधान सुरेश कुमार, पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, सुबे सिंह, पूर्व लाडवा प्रधान सुखदेव गजलाना, नरेंद्र कुमार, अशोक सैनी, राजेश नरवाल, सुधीर ढांडा, अमरजीत पांचाल, रमेश कुमार व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# सिख पर हुए हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई ना होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

कैथल में सिख व्यक्ति को खालिस्तानी कहकर उसके साथ की गई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में सिख संगठनों की बैठक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व सदस्य जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढ़िया के अध्यक्षता में हुई। इसमें निंदा प्रस्ताव पास करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार सभा व गुरु नानक सेवा मिशन सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। राजेंद्र सिंह के निवास पर हुई इस बैठक में जत्थेदार सतपाल सिंह ने कहा कि पिछले काफी समय से सिखों को धार्मिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। जो देश हित में नहीं है। सिखों ने देश की आजादी से लेकर सीमाओं तक की सुरक्षा में अपना बलिदान दिया है। देश पर जब भी कोई आपदा आती है तो सेवा से लेकर संघर्ष तक का मोर्चा सिख संभालते हैं। उन्होंने कहा कि 1984 के जख्म अभी तक भरे नहीं थे कि आए दिन इस तरह की धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली घटनाएं सामने आ रही है। सिख संगत ने आरोपियों पर धारा 307 लगाने की मांग भी बैठक के माध्यम से उठाई।


**पिहोवा।** सिख व्यक्ति पर हुए हमले के विरोध में बैठक करती सिख संगत।

### निरोग बनाने में योग महत्वपूर्णः डॉ. रजनी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणा योग विभाग के सहयोग से 13 जून, 2024 को प्रातः 11.00 बजे खेल निदेशालय में योग पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार में योग के दो मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग और कल्याण के लिए योग शामिल थे। इस सेमिनार में मनीष कुकरेजा, हरियाणा योग विभाग और कुवि की डॉ. (श्रीमती) रजनी बाली, शारीरिक शिक्षा विभाग रिसोर्स पर्सन थे। डॉ. रजनी बाली ने 21 जून 2015 को आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बताया। इस वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को निरोग बनाने के लिए योग का महत्वपूर्ण योगदान है। योग चिंता, अवसाद, अनिद्रा, मधुमेह, हृदय रोग आदि को कम करने में मदद करता है।

# संदीप गर्ग ने मनोहर लाल को केन्द्रीय मंत्री बनने पर फूल गुच्छ देकर दी बधाई

- मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर बताई गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के केंद्रीय मंत्री बनने पर उन्हें फूल गुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि देश अब और आगे प्रगति की और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने शपथ ली है, यह हमारे लिए गर्व की बात है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर सदा आगे बढ़ता रहेगा।


**लाडवा।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को फूल गुच्छ देते भाजपा नेता संदीप गर्ग।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश की सबसे बड़ी पंचायत में हरियाणा के 3 सांसदों को जगह देकर प्रत्येक हरियाणा वासी को मान सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक छोटे कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी की मेहनत का यह फल है की प्रदेश की 9:30 साल निष्पक्ष एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से जीताकर उन्हें नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में शामिल करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सड़े 9 साल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा को आगे प्रगति के पथ पर ले जाने का काम किया था और अब उनकी जगह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं।

## डॉ दीपक के जन्मदिन पर किया 129 मरीजों का निःशुल्क टेस्ट

# रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

- आशुतोष गर्ग ने सभी मरीजों का किया आह्वान
- शिविर में प्रेशर चेकअप और रैंडम शुगर चेक की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

रोटेरियन डॉ दीपक शर्मा के 61वें जन्म दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ हस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर की शुरूआत रोटरी प्रधान रो. आशुतोष गर्ग ने करते हुए सभी मरीजों को आह्वान किया कि वे समय रहते अपने स्वास्थ्य की निरन्तर जांच करवा कर स्वस्थ रहने का प्रयास करें। शिविर में 129 मरीजों के सभी निशुल्क टेस्ट रोटेरियन डॉ. दीपक शर्मा प्रोजेक्ट चेयरमैन और रो. अंशुल बंसल सह प्रोजेक्ट चेयरमैन की देखरेख में किए गए। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ दीपक शर्मा और रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा समय समय पर जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं, ताकि आर्थिक रूप से पिछड़े मरीजों को भी उचित परामर्श एवं उपचार मिल सके। उन्होंने बीएमडी टेस्ट के बारे में जानकारी दी और मरीजों को समय समय पर हेल्थ चेकअप करवाने की सलाह दी। शिविर में माइक्रो लैब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निशुल्क एचबीए1सी और रैंडम ब्लड शर्करा टेस्ट किए गए। शिविर में ब्लू क्रोस प्राइवेट लिमिटेड के हितेश सैनी द्वारा निशुल्क ब्लड प्रेशर चेकअप और रैंडम शुगर चेक की गई। इस दौरान डॉक्टर रेड्डी लैब द्वारा डायबिटिक रेटिनोपैथी, मधुमेह न्यूरोपैथी, मधुमेह अपवृक्कता और ईसीजी भी मुफ्त में की गई।



**शाहबाद।** मरीज की जांच करते चिकित्सक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन, रो आर डी गुप्ता एडवोकेट, सेक्रेटरी रो. दीपक कक्कड़, कैशियर रो. राजीव कालड़ा, रों. मुकेश गोयल, रों. एस एस खुराना, रो. राज कुमार गर्ग, नवीन शर्मा तथा अस्पताल स्टाफ आदि मौजूद रहा।

# सीए विद्यार्थियों को कराया इंडस्ट्रियल विजिट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दी इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउटेंटस आफ इंडिया की कुरूक्षेत्र शाखा की ओर से सीए विद्यार्थियों के लिए बोर्ड आफ स्टडीज के तत्वावधान में इंडसट्रियल विजिट टूर आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में ले जाया गया, जहां उनको फूड स्टोरेज, ट्रांसपोर्टेशन, ग्रेडिंग, प्रदूषण संबंधित नियम, सौर-ऊर्जा व इंडस्ट्री खोलने से संबंधित सरकारी अप्रूवल्स और नियमों की जानकारी से अवगत करवाया गया, ताकि भविष्य में वे किसी इंडस्ट्री की कार्य-प्रणाली से भली-भांति पूर्व-परिचित रहें और एक सीए के तौर पर सजगता से कार्य कर सकें। इस अवसर पर सीए मुकुल व आई.सी.ए.आई की कुरूक्षेत्र शाखा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीपीपी डाटा वेरिफिकेशन शिविर का आयोजन आज से

**कुरुक्षेत्र।** अतरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए 14 से 22 जून तक खंड स्तर पर व नगर पालिका क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

**हरियाणा वैरागी महासभा धर्मशाला, कुरुक्षेत्र**
**(पंजीकृत संख्या 317)**

**सार्वजनिक सूचना**

हरियाणा वैरागी महासभा धर्मशाला, कुरुक्षेत्र (पंजीकृत संख्या 317) के शासकीय चुनाव के लिये मतदान जो रविवार 16 जून 2024 को सुबह 11 बजे से 04 बजे तक होना निश्चित हुआ था। मौसम में ज्यादा गर्मी पड़ने के कारण अब मतदान रविवार 16 जून 2024 को ही सुबह 08 बजे से 05 बजे तक होना निश्चित हुआ है। बाकि कार्यक्रम व सभी सूचनाऐं वही की वही रहेंगी।

राजबीर सिंह डागर व ओम प्रकाश
एडहॉक कमेटी सदस्य — कृष्ण कुमार, रिटर्निंग ऑफिसर
हरियाणा वैरागी महासभा धर्मशाला, कुरुक्षेत्र

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी विशाल सिंगला को पितृ शोक

**बराड़ा।** समाजसेवी विशाल सिंगला के पिता बृज भूषण सिंगला 88 वर्ष की आयु में बुधवार रात्रि स्वगवास हो गया। उनके निधन पर पूरे शोक की लहर है। गौरतलब है कि प्रयास समाज सेवा संस्थान के प्रधान विशाल सिंगला के पिता बृज भूषण सिंगला काफी समय से बीमार थे। उनका डेराबस्सी के एक निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा था। इस मौके पर क्षेत्र के सभी राजनतिक, समाजिक व मौजिज लोगो द्वारा शोक प्रकट किया गया।

### बाइक चोरी करने वाला काबू

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता गौरव ने 11 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 जून 2024 को जनकपुरी कॉलोनी से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला के गले से तोड़ी सोने की चेन

**जींद।** गांव धमतान साहिब गुद्वद्वारा में माथा टेकने गई महिला के गले किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर सोने की चेन को तोड़ लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गीता कालोनी टोहाना निवासी प्रोमिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### योग दिवस के संदर्भ में बैठक आजः गुरविंद्र सिंह

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में 14 जून को सायं 3 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी.जया श्रद्धा करेंगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### बाइक से स्टंट करने से रोका तो डॉक्टर पर किया हमला

**जींद।** पटेल नगर में निजी डाक्टर ने बाइक पर स्टंट कर रहे युवक को रोका तो खफा युवक ने परिजनों के साथ मिल चिकित्सक पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डॉक्टरों के अनुसार एक स्वस्थ व्यक्ति तीन मास में एक बार रक्तदान कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़/शहजादपुर

वर्ल्ड ब्लड डोनर डे 14 जून को प्रति वर्ष मनाया जाता है। यह दिवस सुरक्षित रक्त और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढाने के लिए मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस का वैश्विक विषय प्रत्येक वर्ष उन निस्वार्थ व्यक्तियों के लिए सम्मान में बदलता है जो अपने रक्त को उन लोगों के लिए दान करते है जिन्हें वे नहीं जानते है। जिला युवा शक्ति संगठन द्वारा रक्तदान के महत्व को देखते हुए समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

इस संस्था के प्रधान बलजिंद्र सिंह नेकनावा ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा अब तक 35 के लगभग रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है तथा वे 32 बार रक्तदान कर चुके है। जिला युवा शक्ति संगठन के जिला महासचिव सोहन लाल झीडीवाला ने कहा कि उन्होंने अब तक 16 रक्तदान किया है। उनकी संस्था का ध्येय है कि रक्त के बिना किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों पर संकट न आए। इसी बात को लेकर संस्था जहां रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है वहीं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रक्तदान के प्रति भी लोगों को प्रेरित किया गया है। गांव बड़ी बस्सी के युवा रक्तदानी सुरेंद्र राणा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 14 बार रक्तदान किया है। जब भी उनके आस-पास के क्षेत्र में कहीं पर रक्तदान शिविर लगता है तो उनका प्रयास रहता है कि वे न केवल स्वयं रक्तदान करें, बल्कि अपने आस-पास के अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते है। निरंकारी मिशन की के मीडिया सहायक नरेंद्र नागी ने बताया कि निरंकारी मिशन वर्ष 1986 से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करता आ रहा है।

लगभग साढे आठ हजार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। 1365557 यूनिट रक्त दान कर चुका है। उन्होंने कहा कि निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन विगत दिवस शहजादपुर ओर अंबाला छावनी में किया गया था। इसमें शहजादपुर मे 110 ओर अंबाला छावनी मे 112 श्रद्धालुओं द्वारा रक्तदान किया गया।

## रक्तदाता बोले रक्तदान है महादान

एसएमओं डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि डब्लयूएचओं की गाइडलाइन (आरइफ) के अनुसार ब्लड डोनेट करने से पहले आपको कुछ शर्तों को पूरा करना होगा-व्यक्ति का वजन कम से कम 50 किलो होना चाहिए और उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच हो। सर्दी, फ्लू, गले में खराश या कोई अन्य संक्रमण नहीं होना चाहिए। हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 जी/डीएल से कम न हो तथा खून दान देने के दौरान रक्तचाप सामान्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति तीन मास में एक बार रक्तदान कर सकता है।


सुरेंद्र राणा


सोहन लाल झीडीवाला


सुरेंद्र राणा


एसएमआ प्रवीण कुमार



बलजिंद्र सिंह नेकनावां

## 498 स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से 54750 लोगों को मिला रक्त लाभ

# 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता

### 14 को राज्यपाल एसआई डॉ. वर्मा को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** रक्तदान करते एसआई अशोक वर्मा।

रक्तदान के प्रति लग्न किसी में होती है। वह भी ऐसी की स्वयं पूरा जीवन ही रक्तदान को समर्पित कर दिया हो। 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जब ऐसे लोगों की चर्चा होती है तो एक ऐसा व्यक्तित्व सामने आता है जो खाकी में होता है। वे हैं हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा। डॉ. वर्मा हरियाणा पुलिस में वर्ष 1998 में सिपाही के रूप में भर्ती हुए थे। करनाल के गांव प्योंत में जन्मे वर्मा के पिता कली राम खिप्पल भारतीय सैनिक थे जो 1962 और 1965 के युद्ध में भागीदार रहे। माता श्रीमती मूर्ति देवी ग्रहणी है।

वर्मा ने राजकीय महाविद्यालय करनाल से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राष्ट्रीय कैडेट कोर में सी प्रमाणपत्र प्राप्त कर वर्ष 1991-92 के सर्वश्रेष्ठ कैडेट बने और कालेज कलर से अलंकृत हुए। पुलिस में भर्ती होकर ये मधुबन, फरीदाबाद, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, अंबाला और तत्पश्चात फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के अपराध दृश्य दल कुरुक्षेत्र में 12 वर्ष 8 महीने 20 दिनों तक विशेषज्ञ के रूप में रहे। वर्ष 2020 के अंतिम माह में इन्हें हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में भेजा गया। अब ये वहां पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। वर्ष 2005 में मुख्य सिपाही, 2008 में सहायक उप निरीक्षक तथा 2020 में उप निरीक्षक पद पर पहुंचे। जीवन में सदैव कुछ नया करने और सीखने की इच्छा के कारण इन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से वर्ष 2010 में सायंकालीन कक्षा के माध्यम से विधि से स्नातक और 2012 में ही विधि से स्नातकोत्तर की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। 2017 में विधि से पीएचडी की। लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर की उपाधि, साइबर अपराध में पीजी डिप्लोमा प्राप्त करने के पश्चात दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर कर रहे हैं। पुलिस की सेवा लग्न और ईमानदारी के साथ करने के लिए इन्हें विभाग ने 111 से अधिक प्रशंसा पत्र और रूपए 41190 के नकद पुरस्कार दिए हैं। 26 जनवरी 2020 को पुलिस विभाग का सर्वोच्च राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त कर चुके हैं। राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक शतकवीर विजेता, पर्यावरण प्रहरी के नाम से प्रसिद्द पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्ष 1990 से नियमित रक्तदान कर रहे हैं। अब तक स्वयं 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं।उन्होंने अपने सैनिक नायक पिता कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर 26 नवंबर 2010 को प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया था। यह 498 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आंकड़ा पूरा कर गया है। रक्तदान शिविरों की व्यवस्था, सम्मान समारोह और भोजन आदि की सभी व्यवस्था वे अपनी जेब से करते हैं। 498 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से 18250 रक्त इकाई राजकीय रक्त कोषों को उपलब्ध हुई और 54750 लोगों को इसका लाभ मिला है। इतना ही नहीं रक्त की मांग आने पर सीधे रक्त की आपूर्ति भी कराते हैं जो करीब अब तक कुल 75000 से अधिक लोगों को रक्त पहुंचाकर उनका जीवन बचाने का सराहनीय कार्य कर चुके हैं। नशा मुक्त अभियान में सबसे आगे- वर्ष 2010 से सड़क सुरक्षा और नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत अब तक हरियाणा के सभी ज़िलों में 2000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर चुके हैं जिसमें लाखों लोगों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। न केवल जागरूक करते हैं अपितु लोगों का नशा छुड़वाने का कार्य भी कर रहे हैं।

### रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक

वर्मा 2018 से रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष निरंतर तीसरी बार प्रधान चुके गए। हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव की अध्यक्षता, मार्गदर्शन, प्ररेणा और दिशानिर्देशों से कुरुक्षेत्र रोटी बैंक में सेवा में लगे हुए हैं जो जरुरतमंद लोगों को एक समय का भोजन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य कर रही है। सैकड़ों कविताओं के रचयिता पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ज्वलंत विषयों पर अपनी कलम से असंख्य लेख लिख चुके हैं। बेटा बेटी को एक समान अवसर और संपत्ति में बराबरी के पक्षधर डॉ अशोक कुमार वर्मा विवाह शादी में फिजूलखर्ची के विरुद्ध डटे हुए हैं। 30 अगस्त 2019 को डॉ अशोक कुमार वर्मा को राजभवन चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने रक्तदान के लिए स्वर्ण पदक और 2017-18 में सर्वाधिक रक्तदान शिविर में रक्त इकाई उपलब्ध कराने के लिए शील्ड से सम्मानित किया है। इस से पहले भी उन्हें सैकड़ों बार राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।


**अंबाला।** सिविल एन्कलेव के निर्माण कार्य का जायजा लेते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अन्य।

# घरेलू हवाई अड्डे से अगस्त में शुरू हो सकती है फ्लाइट

- नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया मुआयना
- निर्माण एजेंसी से जल्द काम पूरा करने के आदेश, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज की भी मंत्री ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) से जल्द ही फ्लाइट शुरू होंगी। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री गुप्ता वीरवार को अंबाला सिविल एन्क्लेव के निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अंबाला कैंट के विधायक अनिल विज भी साथ थे। इस दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने निर्माणाधीन स्थल का दौरा किया। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को लक्ष्य लेकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अंबाला कैंट के विधायक अनिल विज की देखरेख में तेजी से सिविल एन्क्लेव का काम आगे बढ़ रहा है। अब नागरिक उड्डयन मंत्रालय मेरे पास आया है तो हमारा यह प्रयास है कि आने वाले कुछ महीनों में ही इस अड्डे से फ्लाइट शुरू हो जाएं। हमें उम्मीद है कि 15 जुलाई तक इस सिविल एन्क्लेव के भवन का काम पूरा हो जाएगा। अगर इस तय समय पर निर्माण कार्य पूरा हुआ तो अगस्त महीने में यहां से फ्लाइट उडने लगेंगी।

मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि विगत दस वर्षों से राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप यहां लोगों का अपना एयरपोर्ट का सपना साकार होगा। उन्होंने पूर्व मंत्री अनिल विज और एडीसी अपराजिता से सिविल एन्क्लेव को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यहां स्थित एयर फोर्स स्टेशन पर जाकर वायुसेना के अधिकारियों से वायुसेना के साथ हुए समझौते पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वायुसेना भी अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी करके इस हवाई अड्डे के लिए एनओसी दे। इस मौके पर एसडीएम सतेंद्र सिवाच, नागरिक उड्डयन विभाग तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी व जिलास्तर के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनकर तुरंत समाधान के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सरकार आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। निरंतर जन कल्याण की योजनाएं बनाई जा रही हैं और इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। मंत्री असीम गोयल गुरुवार को अम्बाला सिटी में स्थित अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बलदेव नगर के लोग अपने यहां से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर परिवहन मंत्री से मिले। उन्होंने सभी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ प्रेम नगर के लोग भी अपनी मांगों को लेकर मिले। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है। इसके लिए चंडीगढ़ में मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ बनाया गया है, जबकि जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों की देखरेख समाधान प्रकोष्ठ द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविर मे आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।


**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते परिवहन मंत्री असीम गोयल।




## समाधान शिविर में सुनी गई लोगों की शिकायतें, 13 का मौके पर हुआ समाधान

अंबाला। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर शिकायतों का निवारण करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। वीरवार को जिलास्तर पर आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम विश्वजीत ने आमजन की शिकायतें सुनी। उपायुक्त कोर्ट में लगे समाधान शिविर में सीटीएम के समक्ष आई शिकायतों में से 13 शिकायतों का निवारण मौके पर ही कर दिया गया। कुछ शिकायतों को संबंधित विभाग के समक्ष जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया है। सीटीएम विश्वजीत ने कहा कि इन समाधान शिविरों का समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान अधिकारियों का एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक पहुंच रहे हैं उनका त्वरित समाधान निकले। सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से मधुरता से बात करें व उनकी समस्या का निदान करने का प्रयास करें।

# कांग्रेस में गुटबाजी तभी दूर होगी जब सबके दिल साफ होंगे

- सिरसा की नवनिर्वाचित सांसद सैलजा बोली अगर सही ढंग से चुनाव लडा जाता तो कांग्रेस की सीटों में होता इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सिरसा की नवनियुक्त सांसद कुमारी सैलजा का अंबाला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत कियय। जंडली पुल क पास प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में भारी सख्या में कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर अभिनंदन क। सैलजा भी अपने भव्य स्वागत में मौजूद समर्थकों को देख कर गदगद हो गयी। इसके बाद वे मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ तय कार्यक्रम में पहुंची। कुमारी सैलजा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की कहा कि चुनाव के दौरान अपनी विचारधारा और तौर-तरीके थोपने की बीजेपी की कोशिशों को देश की जनता ने नकार दिया है। भाजपा का असली चरित्र देश के सामने उजागर हो गया है। नैतिक तौर पर बीजेपी ये चुनाव हार गई है। कांग्रेस ने मुद्दों पर चुनाव लड़ा और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा का लोगों पर काफी असर पड़ा। सैलजा ने कहा है कि बीजेपी का कहना है कि पार्टी को देश हित में कोई दिलचस्पी नहीं है बल्कि वह जाति और धर्म आधारित दुष्प्रचार करने में माहिर है। बीजेपी फिलहाल एनडीए की बैसाखी पर निर्भर है और यह अनिश्चित है कि आगे क्या होगा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस और प्रभावी ढंग से लड़ती तो नतीजे और भी बेहतर हो सकते थे। इन नतीजों से साफ हो गया है कि हरियाणा की जनता ने राज्य की बीजेपी को खारिज कर दिया है। इस बात को बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने भी मान लिया था, यही वजह है कि उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा बदलना पड़ा। हालांकि, इससे बीजेपी को आगामी विधानसभा चुनाव में कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित के लिए काम किया है और करती रहेगी. उन्होंने मनोहर लाल समेत हरियाणा के तीनों मंत्रियों को बधाई दी और कहा कि इसका फायदा हरियाणा की जनता को मिलना चाहिए। कांग्रेस में गुटबाजी पर सैलजा ने स्वीकार किया कि यह खत्म हो सकती है लेकिन तभी जब दिल साफ हों। उन्होंने कहा कि 'मैं और मेरा' से मजदूरों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है क्योंकि वे ही मेहनत करते हैं. गुटबाजी से नुकसान ही होता है।


**अंबाला।** काफिले के साथ रवाना होती सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा।

# अंबाला लोकसभा सीट पर मतदान के आंकड़ों में अंतर

- आंकड़ों एवं ईवीएम से प्राप्त वोटों की संख्या अतिरक्त मिली
- एडवोकेट ने चुनाव आयोग, सीईओ और डीसी को लिखकर मामला उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र में नई सरकार के गठन के साथ ही लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उधर अंबाला समेत प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों पर हुई मतदान के आंकड़े भी चुनाव आयोग की ओर से जारी कर दिए गए हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 मई को बाकायदा एक प्रेस नोट जारी कर मतदाताओं के आंकड़े सार्वजनिक किए गए हैं। हैरत की बात है क प्रदेश के हर लोकसभा हल्के के फाइनल नतीजों में सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में से प्राप्त वोटों के आंकड़ों में किसी लोकसभा हलके में कम और किसी लोकसभा हलके में अधिक अंतर सामने आया है अर्थात किसी लोकसभा हलके के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी जनरल वोटरों की संख्या से ईवीएम में प्राप्त वोटों की संख्या अधिक सामने आई और किसी लोकसभा हल्के में कम। एडवोकेट हेमंत कुमार ने 8 जून को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू एवं चुनाव आयोग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों, हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) अनुराग अग्रवाल एवं डीसी को पत्र लिखकर पूरे मामले पर सवाल उठाए हैं।

## नशे के खिलाफ पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

# लोटे में नमक डालकर नशा न करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा जागरूकता नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को विभिन्न स्थानों बस स्टैंड अम्बाला शहर, आईटीआई सेक्टर-9, मुलाना , नारायणगढ में लोगों के साथ छात्रों को भी जागरूक किया गया। इस दौरान गांव थंबड़ में लोगों ने लोटा नमक डालकर नशे से दूर रहने की शपथ भी ली। एसपी के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ-साथ नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे में आम नागरिकों विशेषकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यों में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 से 26 जून 2024 तक विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। 13 जून 2024 को प्रबंधक थाना के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने प्राचीन परंपरा अनुसार लोटा में नमक डालकर नशे से दूर रहने बारे शपथ ली। अपने आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जोड़ने बारे प्रेरित किया। थाना अंबाला शहर क्षेत्र बस स्टैंड में आमजन को तथा थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर क्षेत्र आईटीआई, थाना मुलाना क्षेत्र व नारायणगढ में छात्र/छात्राओं को थाना प्रबंधक ने अपनी टीम सहित नशा मुक्त अभियान द्वारा नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबंधक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम के लिए आमजन से संपर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।


**अंबाला।** नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करते थाना प्रभारी।

**सार्वजनिक सूचना**

हरियाणा सरकार ने हरियाणा राज्य सहकारी आवास प्रसंघ लि० (हाऊसफैड) की सदस्य समितियों के ऋणी सदस्यों के लिए एक मुश्त कर्ज निपटान योजना स्वीकृत की है। ऋणी सदस्यों के दण्डात्मक ब्याज की माफी योजना 25 जनवरी 2024 से शुरु हो चुकी हैं। योजना के अंतर्गत ऐसे ऋणी जो 31 मार्च 2023 तक अतिदेयी बकायादार है, लाभ प्राप्त करने के पात्र है।इस योजना के अतर्गत ऋण धारको को ऋण राशि, साधारण ब्याज सहित जमा करवानी होगी अर्थात लिये गये ऋण एवं ब्याज जमा करवाने पर दण्डात्मक ब्याज माफ कर दिया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत लगभग 3100 ऋणी सदस्य लाभान्वित होगे। यह योजना 24 जुलाई 2024 तक लागू रहेगी। अतः सभी अतिदेय ऋणी सदस्यों से अनुरोध है कि संबंधित सहकारी गृह निर्माण समिति के माध्यम से आवास प्रसंघ से लिये गये ऋण को ब्याज सहित आवास प्रसंघ के कार्यालय बेज न० 49-52 सैक्टर-2 पंचकूला के बचत खाता न० 110410011001540 IFSC code-UBIN549932 यूनियन बैंक आफ इंडिया सैक्टर-8 पचकूला में जमा करवा कर सरकार द्वारा जारी दण्डात्मक ब्याज माफी योजना का लाभ उठायें।

**प्रबंधक, हरियाणा राज्य सहकारी आवास प्रसंघ लि० हरियाणा पंचकुला**